| | |
|---|---|
| **भारत सरकार** | **लोक सभा** |
| **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** | **तारांकित प्रश्न सं.61** |
| **वाणिज्य विभाग** | |

**<u>दिनांक 7 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>**

**पाकिस्तान के साथ व्यापार**

***61. श्री जसवीर सिंह गिलः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में पाकिस्तान के साथ किन समुद्री पत्तनों अथवा भू-सीमाओं के माध्यम से व्यापार किया जा रहा है ;

(ख) क्या सरकार का पाकिस्तान के साथ वाघा सीमा और खालरा सीमा से व्यापार शुरू करने का विचार है; और

**(**ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री</u>**

**(श्री पीयूष गोयल)**

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

***

**"पाकिस्तान के साथ व्यापार" के संबंध में 7 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 61 के भाग (क)से (ग)के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क)-(ग) अगस्त, 2019 में, पाकिस्तान ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट के कई कार्य किए। इनमें से एक निर्णय भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को एकतरफा तौर पर निलंबित करना था। हालाँकि, वाणिज्य और कपड़ा मंत्रालय, पाकिस्तान सरकार के दिनांक 2 सितंबर, 2019 के एसआरओ सं. 977 (i)/2019 के माध्यम से केवल चिकित्सीय उत्पादों के निर्यात की अनुमति दी गई है। हालांकि, पाकिस्तान के एसआरओ (सांविधिक नियामक आदेश) में किसी विशिष्ट मार्ग का उल्लेख नहीं किया गया है, आमतौर पर अटारी-वाघा सीमा और कराची बंदरगाह भारत और पाकिस्तान के बीच दो प्रमुख व्यापार मार्ग हैं। द्विपक्षीय व्यापार को फिर से शुरू करने की जिम्मेदारी पाकिस्तान सरकार पर है।

***